# कलेक्टर ने कई मामलों का किया निराकरण

## आमजन की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए




**उदयपुर, 11 नवम्बर . मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मंगलवार को तहसील प्रांगण उदयपुरा में जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गयो इस अवसर पर जिला कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने स्वयं उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए.**

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे तथा अपने-अपने विभागों से संबंधित आवेदनों पर त्वरित समाधान प्रस्तुत कियो जनसुनवाई में सैकड़ों ग्रामीणों और आम नागरिकों ने भाग लियो सबसे अधिक शिकायतें भूमि, राजस्व, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस और सामाजिक न्याय विभाग से संबंधित रहीं कलेक्टर विश्वकर्मा ने कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया और अधिकारियों को लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने के निर्देश दिऐ उन्होंने कहा, जनसुनवाई का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनकर उन्हें त्वरित न्याय दिलाना है प्रशासन जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है.

> ग्रामीणों ने जनसुनवाई कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है, जिससे समस्याओं के समाधान में तेजी आई है कलेक्टर ने उपस्थित नागरिकों को भरोसा दिलाया कि उनकी प्रत्येक समस्या का निष्पक्ष और शीघ्र समाधान किया जाएगो



# ग्राम चौपाल में जागरूकता और सहयोग की गूंज

- पूर्व मंत्री रामपाल सिंह की अध्यक्षता में हुआ आयोजन
- हर बच्चा स्वस्थ, हर घर पोषित का लिया संकल्प

**सिलवानी, 11 नवम्बर . कुपोषण मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम नारायणपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने की. इस चौपाल का उद्देश्य गांव में कुपोषण की समस्या का समाधान खोजते हुए बच्चों, माताओं और परिवारों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था.**

आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केंद्र में किया गया, जिसमें ग्रामीणों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा और एएनएम कर्मचारियों की उपस्थिति रही.

पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने कहा कि कुपोषण केवल स्वास्थ्य की नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी की समस्या है. जब गांव का हर बच्चा स्वस्थ रहेगा, तभी समाज का भविष्य मजबूत होगा. उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए पोषण आहार, स्वास्थ्य जांच और पुनर्वास केंद्रों में उपचार की व्यवस्था की गई है. उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि बच्चों की कमजोरी या वजन की समस्या को नजरअंदाज न करें, बल्कि तत्काल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें.

> कार्यक्रम के दौरान बीएमओ डॉ. आर.एस. पटेल और परियोजना अधिकारी आबिदा वी ने अति-कुपोषित बच्चों के माता-पिता से चर्चा की और उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर विशेष उपचार दिलाने की सलाह दी. चौपाल में बच्चों का वजन मापन, स्वास्थ्य जांच और पोषण स्तर आकलन भी किया गया. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को कुपोषण के लक्षण, स्वच्छता और पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर एसडीएम हर्षल चौधरी, सीईओ नीलम रायकवार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

### बीयू की परीक्षा में नकल रोकने के लिए हाइटेक निगरानी व्यवस्था

**भोपाल.** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की स्नातक की परीक्षाएं 17 नवंबर से शुरू होने जा रही हैं। परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और नकलमुक्त बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस बार सख्त और हाइटेक निगरानी व्यवस्था लागू की है। बीयू ने तीन विशेष उड़नदस्ते गठित किए हैं, जो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे और किसी भी अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई करेंगे। विश्वविद्यालय को पिछली परीक्षाओं में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, मोजों और रूमाल में छिपाई गई पर्चियों के माध्यम से नकल के कई मामले मिले थे। इन घटनाओं को देखते हुए ही प्रशासन ने इस बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाया है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले सघन जांच से गुजरना होगा। पूरक परीक्षाओं के लिए सात जिलों में कुल 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 254 कॉलेजों के लगभग 35 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। बीयू प्रशासन के अनुसार, यह पूरक परीक्षा मूल रूप से अगस्त में आयोजित की जानी थी.

# कड़ाके की ठंड ने दी दस्तक, सड़कों पर सन्नाटा

**सिलवानी, 11 नवम्बर. मौसम में अचानक आए बदलाव के बाद क्षेत्र में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है. दीपावली के बाद से ही तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है और लोग अब दिसंबर-जनवरी जैसी ठिठुरन महसूस कर रहे हैं.**

मौसम विभाग की यह भविष्यवाणी सही साबित हो रही है कि इस वर्ष ठंड सामान्य से अधिक पड़ सकती है.

बढ़ती ठंड के साथ लोगों ने गरम कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है. बाजारों में जैकेट, स्वेटर, टोपी, मफलर और कंबल की मांग तेजी से बढ़ रही है. घरों में रजाइयां और गद्दे बाहर आ चुके हैं. रात के समय ठंड का असर सड़कों पर सन्नाटे के रूप में साफ दिखाई दे रहा है — गलियां सुनसान हैं, और इक्का-दुक्का वाहन ही गुजरते नजर आते हैं. लोग विशेष रूप से रात में बाइक से बाहर निकलने से परहेज़ कर रहे हैं.

दूसरी ओर, ठंड का बढ़ता प्रकोप किसानों के लिए चिंता का विषय बन गया है. सुबह के समय ओस की मात्रा बढ़ने से रबी फसलों पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है. मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट हो सकती है, जिससे ठंड का असर और बढ़ेगा.

# सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों पर बैठक

## युवाओं में खेल भावना और समन्वय बढ़ाने पर दिया जोर

**सिलवानी, 11 नवम्बर . आगामी सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को संवाद बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने की.**

उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं है, बल्कि आदिवासी अंचल में युवाओं को प्रेरित करने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है. बैठक का उद्देश्य केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मुख्य आतिथ्य में होने वाले इस महोत्सव की तैयारी और विभागीय समन्वय सुनिश्चित करना था.

> कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव साझा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें मंच देने की आवश्यकता पर जोर दिया. रामपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक स्तर पर सक्रिय भागीदारी और सहयोग से ही यह महोत्सव सफल और यादगार बन सकेगा. उन्होंने सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रहने देने के निर्देश दिए. बैठक के अंत में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि खेल महोत्सव आदिवासी युवाओं में ऊर्जा, स्वास्थ्य और एकता का संदेश फैलाने का कार्य करेगा.

बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर, राकेश उईके सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. पूर्व मंत्री ने आयोजन स्थल की व्यवस्था, खेल सामग्री की उपलब्धता और प्रतिभागियों के पंजीयन प्रक्रिया की समीक्षा की.

उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और बच्चों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि महोत्सव समाज में सकारात्मक संदेश दे सके.

# शिक्षा समाज की प्रगति की आधारशिला : अनिल

**सिलवानी, 11 नवम्बर . प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी द्वारा न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर मंगलवार को मां शारदा विद्यालय सिलवानी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया.**




शिविर में न्यायाधीश सुनीता पचौरिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हमारे देश के विकास में शिक्षा की महत्ता को दर्शाता है. शिक्षा समाज की प्रगति की आधारशिला है. उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि भारत में बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार के खिलाफ एक मजबूत कानूनी ढांचा मौजूद है. वर्ष 2012 में पारित यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम बच्चों की सुरक्षा के लिए एक सशक्त कानून है, जिसमें सख्त दंड का प्रावधान और त्वरित सुनवाई के लिए विशेष न्यायालयों की स्थापना की गई है.

न्यायाधीश पचौरिया ने कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से श्रम करवाना अपराध है, वहीं 6 से 14 वर्ष के बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है. उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे बाल श्रम रोकने और शिक्षा को प्रोत्साहित करने में अपनी भूमिका निभाएं.

> कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक मदन रघुवंशी ने छात्रों से कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है, इसलिए सभी को नशे से दूर रहकर स्वस्थ और संयमित जीवनशैली अपनानी चाहिए. शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

### एक नजर में



#### अवैध शराब का परिवहन करते हुए आरोपी गिरफ्तार

**सलामतपुर.** थाना सलामतपुर पुलिस ने मंगलवार दोपहर घेराबंदी कर एक युवक को अवैध शराब के परिवहन के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के पास से 31 क्वार्टर देसी शराब और एक टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटर (MP40 ZD 8509) जब्त की है. जब्त शराब की अनुमानित कीमत 3720 बताई गई है. यह कार्रवाई थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के निर्देशन में प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव और उनकी टीम द्वारा की गई. प्रधान आरक्षक श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि भोपाल की ओर से एक नीले रंग की स्कूटर में अवैध शराब लेकर बिक्री के लिए लाई जा रही है. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए पुलिस दल ने थाने के सामने बेरिकेटिंग कर घेराबंदी की. कुछ देर बाद संदिग्ध स्कूटर आते दिखाई दी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया. आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. तलाशी में स्कूटर की डिग्गी से 31 क्वार्टर देसी शराब बरामद हुई. आरोपी की पहचान रवि कुशवाह पिता कालूराम कुशवाह (उम्र 26 वर्ष), निवासी पुरनपुरा, जिला विदिशा के रूप में हुई है. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर स्कूटर को जब्त किया है. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि 'नशामुक्त अभियान के तहत नशीली दवाओं और शराब के अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई की जा रही है.

#### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने दिया प्रशिक्षण

**बेगमगंज.** नगर के नवांकुर हायर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ह्यूमन एंड नेचुरल डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने की प्राथमिक जानकारी देना और संकट की घड़ी में आत्मरक्षा एवं त्वरित सहायता के तरीकों से परिचित कराना था. कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के ब्लॉक समन्वयक नीलेश नामदेव ने प्रतिभागियों को आगजनी, भूकंप, बाढ़, सुनामी और अन्य प्राकृतिक व मानवीय आपदाओं से निपटने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने कहा कि 'आपदा के समय घबराने की बजाय सतर्कता, त्वरित निर्णय और प्राथमिक उपचार की समझ ही सबसे बड़ी सुरक्षा होती है.' नामदेव ने मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रतिभागियों को वास्तविक आपदा की स्थिति में किए जाने वाले त्वरित कदमों का प्रदर्शन भी कराया. इसमें बताया गया कि संकट के क्षणों में संयम और साहस रखते हुए कैसे स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है और दूसरों की भी सहायता की जा सकती है. कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या ममता शाक्य, संचालक अमर सिंह शाक्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे. छात्र-छात्राओं ने इस प्रशिक्षण को जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और ऐसी गतिविधियाँ नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया.

### एबीसी आईडी नहीं तो परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे छात्र

**भोपाल.** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने बीटेक, एमसीए और एमई प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। विश्वविद्यालय ने दिसंबर में प्रस्तावित परीक्षाओं से पहले सभी छात्रों के लिए एबीसी आईडी बनवाना अनिवार्य कर दिया है। बिना एबीसी आईडी के छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा फॉर्म भरने से पहले विद्यार्थियों को तीन चरणों की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। पहले चरण में पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, दूसरे में नामांकन फॉर्म भरना और तीसरे में परीक्षा फॉर्म जमा करना होगा। इन सभी प्रक्रियाओं के बाद छात्रों को 30 नवंबर तक अपने कॉलेज की परीक्षा शाखा में आवश्यक दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है।

# न्यायाधीश ने छात्रों को दी कानूनी जानकारी



**बेगमगंज, 11 नवम्बर. मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति, बेगमगंज द्वारा विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 'न्यायोत्सव - विधिक सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है. इस क्रम में मंगलवार, 11 नवम्बर 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय, बेगमगंज में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में द्वितीय जिला न्यायाधीश सचिन द्विवेदी ने महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को प्रमुख कानूनी विषयों पर जानकारी दी.

उन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल अधिकार, पोक्सो अधिनियम, बाल श्रम निषेध कानून, सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया के उपयोग से जुड़े कानूनी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की.

> न्यायाधीश द्विवेदी ने कहा कि 'देश के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए युवाओं को अपने मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों और अपराधों से संबंधित कानूनों, विशेष रूप से साइबर अपराध के नियमों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है.' उन्होंने छात्रों एवं प्राध्यापकों को विधिक साक्षरता और कानूनी संरक्षण के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.




# सांची बौद्ध यूनिवर्सिटी में होगा रजत जयंती सम्मेलन

**देश-विदेश से आएंगे विद्वान**

**सलामतपुर, 11 नवम्बर . सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में 23 से 25 नवंबर तक इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज का रजत जयंती सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. तीन दिवसीय यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक अवसर के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से 150 से अधिक विद्वान, शोधकर्ता और बौद्ध धर्म के विशेषज्ञ शामिल होंगे.**

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर बैद्यनाथ लाभ ने जानकारी दी कि सम्मेलन में वियतनाम, श्रीलंका और म्यांमार के प्रतिष्ठित बौद्ध विद्वान अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे. भारत से नव नालंदा महाविहार, दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, कोलकाता विश्वविद्यालय, जम्मू विश्वविद्यालय सहित अनेक प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे. साथ ही लखनऊ, पटना, पुणे, नागपुर, चेन्नई और बनारस से भी विद्वानों की सहभागिता सुनिश्चित हो चुकी है.

> सम्मेलन में मध्यप्रदेश की बौद्ध कला और स्थापत्य पर विशेष चर्चा होगी. साथ ही बौद्ध और भारतीय अध्ययन के प्रख्यात विद्वान प्रो. जी.सी. पांडे के लेखन, शोध और दृष्टिकोण पर केंद्रित दो विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे. इसके अलावा चार समानांतर सत्रों में बौद्ध दर्शन, इतिहास, साहित्य और समकालीन विमर्श पर शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे. यह सम्मेलन सांची को वैश्विक बौद्ध अध्ययन केंद्र के रूप में सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. सम्मेलन के दौरान आगंतुक प्रतिनिधि सांची की ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक विरासत का भी अवलोकन करेंगे.

**कृषक संगोष्ठी** — खेत में सुपर सीडर चलाकर किया गया प्रदर्शन

# ग्राम बागोद में पराली प्रबंधन पर दी जानकारी

**सलामतपुर, 11 नवंबर. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार सांची जनपद के ग्राम बागोद में कृषि विभाग द्वारा पराली (नरवाई) प्रबंधन विषय पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में किसानों को पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों और इसके वैज्ञानिक प्रबंधन के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई.**



उप संचालक कृषि केपी भगत ने किसानों से अपील की कि धान की फसल कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेष (पराली) को न जलाएं, क्योंकि इससे मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट होते हैं, लाभदायक जीवाणु मर जाते हैं और पर्यावरण प्रदूषित होता है. उन्होंने बताया कि पराली जलाने से न केवल मिट्टी की गुणवत्ता घटती है, बल्कि आग लगने से आसपास की फसलें और पशु-पक्षी भी प्रभावित होते हैं.

उन्होंने किसानों को सुपर सीडर, हैप्पी सीडर और रोटावेटर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की सलाह दी, जो पराली को बारीक कर मिट्टी में मिला देते हैं. इससे भूमि में ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा बढ़ती है और फसल उत्पादन में सुधार होता है. सहायक संचालक कृषि सुनील सोने ने किसानों को रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाने का सुझाव दिया. उन्होंने कहा कि गाय का गोबर, गौमूत्र, भूसा और नीम की पत्तियों जैसे जैविक तत्वों के उपयोग से शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक फसल उत्पादन संभव है.

> सहायक कृषि यंत्री बी.एस. कोठारी ने ग्राम में रोटावेटर, सुपर सीडर और हैप्पी सीडर की प्रदर्शनी लगाई और उनके उपयोग की जानकारी दी. किसान जुबेर रहमान के खेत में सुपर सीडर चलाकर पराली प्रबंधन का प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन देखकर किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में अपने खेतों में इन यंत्रों के उपयोग की सहमति दी.

### केरल उत्सव में दिखेगा संस्कृति, करुणा और एकता का अनोखा संगम

**भोपाल.** यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय केरल उत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है. इस बार का महोत्सव 13 से 16 नवम्बर तक लगने वाला है. जो कि बिट्टन मार्केट मैदान में आयोजित किया जायेगा। मंगलवार को यूएमए द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में एसोसिएशन के अध्यक्ष ओ डी जोसेफ ने बताया कि केरल उत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि एकता, करुणा और साझा विरासत का उत्सव है। यह केरल महोत्सव का दूसरा संस्करण है.